## एक नजर में



### फिजियोथेरेपी की नवीन इकाई का लोकार्पण

**उज्जैन।** 25 अप्रैल को शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सालय चिमनगंज में सांसद अनिल फिरोजिया एवं संत उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, कलावती यादव नगर निगम सभापति, संजय अग्रवाल नगर भाजपा अध्यक्ष एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में फिजियोथेरेपी की नवीन इकाई का लोकार्पण किया गया। प्रिंसिपल डॉ. जेपी चौरसिया ने बताया कि इस नवीन फिजियोथेरेपी इकाई मे नवीन मशीनों की स्थापना लगभग 15 लाख रुपए की लागत से उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की निधि के माध्यम से की गई है। सांसद, नगरनिगम सभापति कलावती यादव एवं संजय अग्रवाल ने आयुर्वेद चिकित्सा विधा एवं चिकित्सालय के विकास हेतु हर संभव प्रयास के लिए कटिबद्धता जाहिर की। सांसद अनिल फिरोजिया के अनुसार उज्जैन धन्वन्तरि आयुर्वेद कॉलेज मुख्यमंत्री के प्रयासों से शीघ्र ही अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में परिवर्तित हो जाएगा। जिसका लाभ उज्जैन शहर और आसपास के लोगो को प्राप्त होगा। लोकार्पण कार्यक्रम मे शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, डॉ. ईश्वर सिंह, डॉ. अनिल जैन, डॉ. ओपी व्यास, डॉ. राकेश निमजे, डॉ. ओ पी शर्मा जी, डॉ. शिरोमणी मिश्रा, डॉ. योगेश वाने, डॉ. नरेश जैन, डॉ. हेमंत मालवीय, डॉ. अनिल पाण्डेय, डॉ. भारत ठाकुर, डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ. रामतीर्थ, डॉ. आशा मालवीय एवं अजय चौधरी, विजय परिहार आदि महाविद्यालयीन अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रितेश खरनाल ने नवीन इकाई में उपलब्ध मशीनों की जानकारी दी। नवीन इकाई में स्पाइनल डिकंप्रेशन, कैरोप्रेक्टिक टेबल, शोक वेव, पल्स इलेक्ट्रो मैग्नेटिक मशीन, ट्रांसक्यूटनियस इलेक्ट्रिकल नर्व सिम्युलेशन, आईएसटीएम टूल सेट प्रदान की गई। इस नवीन फिजियोथेरेपी इकाई के माध्यम से शहर के सभी प्रकार के मरीजों को न्यूनतम शुल्क में एडवांस फिजियोथेरेपी का लाभ मिलेगा। डॉ. अजय कीर्ति जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. नृपेंद्र मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### सेवाधाम आश्रम में उत्कृष्ट सेवा कार्य हो रहा

**उज्जैन।** मानव सेवातीर्थ अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में डा. अशोक कुमार पटेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी शासकीय जिला चिकित्सालय, उज्जैन ने आश्रम संस्थापक सुधीर भाई के साथ आश्रम के मानव सेवा कार्यो का अवलोकन कर विभिन्न प्रकल्पों में निवासरत दिव्यांग, बहु दिव्यांग मनोरोग से ग्रसित बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों से मुलाकात की। शासकीय जिला चिकित्सालय उज्जैन मनोरोग विभाग द्वारा आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर सद्गुरू रणछोड़दासजी महाराज के चित्र के समक्ष विकास दीप प्रज्जवलित कर गौ सेवा की। डा. पटेल ने कहा कि सेवाधाम आश्रम की विजिट कर आश्रम के विभिन्न प्रकल्प रतनलाल डिडवानिया अवेदना केन्द्र, सत्यवती महिला प्रकल्प, आनन्द करूणालय, श्रीरामकृष्ण बालगृह एवं माँ शारदा बालिका गृह सहित परिसर का भ्रमण कर निवासरत दिव्यांग बच्चों, युवा एवं बुजूर्गो को देखा। यहाँ हो रही सेवाओं एवं व्यवस्थाओं को देखा एवं अभिभूत हुआ। मुझे ऐसा लगता है कि यहां पर सेवा जो दी जा रही है वह उत्कृष्ठ सेवाऐं दी जा रही है एवं बहुत सा कार्य करने की संभावना है। शासन से जो भी चिकित्सकीय मदद होगी उसमें अवश्य हम सहभागी रहेंगे। इस अवसर पर डा. आदित्य माथुर जिला महामारी विशेषज्ञ एवं डा. नीतराज गौड़ मनोरोग विशेषज्ञ उज्जैन उपस्थित रहे। आश्रम की परम्परानुसार मंगल तिलक, दुपट्टा एवं मालवी पगड़ी से सम्मान किया गया।

### उज्जैन में आज होगा रोज़गार पर्व -2

**उज्जैन।** सत्यज फाउंडेशन द्वारा रोजगार पर्व-2 का उज्जैन के कालिदास अकादमी प्रांगण में आज 27 अप्रैल को आयोजन किया जा रहा है। आयोजक राजकुमार जटिया ने बताया कि आज रोज़गार पर्व-2 में महिला केंद्रित जॉब फेयर और प्लेसमेंट ड्राइव युवतियों को रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच बनकर सामने आया है। यह आयोजन आज कालिदास अकादमी, उज्जैन में सुबह 9 बजे से होने जा रहा है, जिसमें 25 से अधिक प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल कंपनियां भाग ले रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों में महिला उम्मीदवारों को आकर्षक नौकरी के अवसर प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली रूप से करेंगे। साथ ही उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य सत्यनारायण जटिया सहित जनप्रतिनिधि उपस्तिथ रहेंगे। प्रमुख कंपनियों की होगी भागीदारी जिसमें उत्पादन एवं संचालन क्षेत्र में योकोहामा, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, अमेजॉन सहित कई अग्रणी कंपनियां, होटल प्रबंधन एवं हॉस्पिटेलिटी में ओमिनी ग्रुप ऑफ होटल्स, मेरिऑट, रेडिसन जैसी वैश्विक होटल श्रृंखलाएँ, इंजीनियरिंग एवं आईटी में टीसीएस, इविटेमिन, वीसीएल ग्रुप जो सिविल, कंप्यूटर साइंस, केमिकल सहित विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं की योग्य उम्मीदवारों की तलाश में हैं। यह आयोजन सिर्फ स्नातक या तकनीकी छात्राओं के लिए ही नहीं, बल्कि 12वीं पास, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, ग्रेजुएट, इंजीनियरिंग, एमबीए जैसी विविध शैक्षणिक योग्यता रखने वाली सभी युवतियों के लिए खुला है।

### प्रांत का दायित्व ग्रहण समारोह आज

**उज्जैन।** देश की अग्रणी समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद मध्य भारत पश्चिमी प्रांत का दायित्व ग्रहण समारोह आज 27 अप्रैल को होगा जिसमें 22 शाखाओं के 300 पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि हाटकेश्वर मांगलिक भवन पर शपथ अधिकारी प्रदीप चोपड़ा रीजनल सचिव सेंट्रल रीजन शपथ दिलवाएंगे। जिसमें विशेष तौर पर प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में घनश्याम पोरवाल, महासचिव विनोद काला, कोषाध्यक्ष पराग काबरा एवं उनकी टीम शपथ ग्रहण करेगी। जिसमें पावन सानिध्य श्री 1008 महामंडलेश्वर मधुसुधानंद जी गिरी महाराज, मुख्य अतिथि अभिषेक आनंद आईपीएस जिला पुलिस अधिकारी मंदसौर, विशिष्ट अतिथि विशाल गोयल उद्योगपति, आध्यात्मिक गुरु पंडित शिव शंकर प्रधान, सुनील सिंगल पूर्व रिजन सचिव सेवा रहेंगे। कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक रहेगा। शपथ विधि कार्यक्रम के पश्चात क्रांति परिषद की बैठक भी आयोजित की गई है। समस्त दायित्व ग्रहण पदाधिकारी से निवेदन है कि समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलने में अपना योगदान दे।

### चिंतामण में प्याऊ का शुभारंभ आज

**उज्जैन।** श्री अग्रवाल पंचायत न्यास द्वारा जीर्णोद्धार एवं नवीन वाटर कूलर की स्थापना पश्चात प्याउ का शुभारंभ आज 27 अप्रैल रविवार शाम 5 बजे श्री चिन्तामण गणेश मंदिर पर किया जाएगा। श्री चिन्तामण गणेश मंदिर पर श्री अग्रवाल पंचायत न्यास द्वारा दानदाताओं के सहयोग से एक स्थायी प्याऊ का संचालन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। इस प्याऊ की स्थापना में जोधराज बद्रीलाल कपड़ेवाले महू, स्व. श्री अशोक जी गर्ग उज्जैन एवं वाटर कूलर में शशिन्द्र जवाहरलाल अग्रवाल उज्जैन वालों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ था। विगत कुछ समय से इस प्याऊ का वाटर कूलर खराब होने के कारण प्याऊ का संचालन नियमित रूप से नहीं हो पा रहा था। अत: श्री अग्रवाल पंचायत न्यास द्वारा उपरोक्त प्याऊ का जीर्णोद्धार एवं नवीन वाटर कूलर की स्थापना भी पुन: शशिन्द्र जवाहरलाल अग्रवाल के सहयोग से की जा रही है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रंगनाथाचार्य महाराज पीठाधीश्वर रामानुजकोट, बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज राज्यसभा सांसद, अनिल फिरोजिया सांसद, कलावती यादव सभापति, श्यामजी बंसल पूर्व अध्यक्ष उज्जैन विकास प्राधिकरण रहेंगे। श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मित्तल, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव दीपक मित्तल, प्याऊ प्रभारी रविप्रकाश बंसल, संदीप अग्रवाल, न्यासीगण विजय अग्रवाल, गोविन्द गोयल, सी.ए. संजय अग्रवाल जयकिशन अग्रवाल, मधुर कैलाशचन्द्र चौधरी ने सभी अग्रबंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# मुख्यमंत्री के गृह नगर में 22 पाकिस्तानी, सभी के पास लॉन्ग टर्म वीजा

## पहलगाम घटना के बाद भारत से पाकिस्तानियों को दिया जा रहा है देश निकाला, एसपी ने सभी पाकिस्तानियों के दस्तावेज जांचे

**बांग्लादेशी रोहिंग्या मुस्लिमों की भी उज्जैन में बड़ी तादाद**

**सांसद अनिल फिरोजिया पहुंचे पासपोर्ट आफिस**



**उज्जैन। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को दर्दनाक घटना हुई, पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 27 पर्यटकों की हत्या कर दी, जिसमें एक मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी युवक और उसका परिवार भी शामिल था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना के बाद उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही भारत में निवासरत पाकिस्तानियों की जांच के आदेश दिए हैं, जिसमें उज्जैन में भी 23 पाकिस्तानी निवासरत है।**

मध्य प्रदेश के गृहमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में जैसे ही 22 पाकिस्तानियों के निवासरत होने की जानकारी मिली। वैसे ही एसपी प्रदीप शर्मा ने सभी के दस्तावेज खंगाले। इधर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश भर के अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वह पाकिस्तानियों के बारे में जांच पड़ताल करें।

उज्जैन के एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि शहर में कुल 22 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। जो लॉन्ग टर्म वीजा पर हैं। इनमें जीवाजीगंज थाना क्षेत्र में चार, महाकाल थाना क्षेत्र में दो, खाचरौद में एक, पंवासा में एक, महिदपुर में चार, चिमनगंज में चार, नीलगंगा में चार और बड़नगर में दो के रहने की जानकारी मिली है।

उज्जैन में बेमिसाल बेकरी के कारखाने में बांग्लादेशी मजदूर होने के आरोप को लेकर 6 साल पहले भी बवाल उठा था। तब बैकरी एसोसिएशन की बैठक हुई।

इसके बाद तत्कालीन आईजी राकेश गुप्ता से मुस्लिम समाज संगठन मिला था। तब के पार्षद मुजफ्फर हुसैन (अब दिवंगत) साथ ही आबिद भाई, मंसूर हुसैन, महेश पंजवानी, अशोक रामानी ने पूर्व आईजी से कहा था कि शहर के कारखाने, फैक्टरी से लेकर सुनारों के यहां तक पश्चिम बंगाल के लोग ही काम कर रहे है, वे बांग्लादेशी नहीं है। लेकिन रोहिंग्या मुसलमानों के अवैध रूप से रखने की जो भ्रांति फैलाई है वह सही नहीं है। तब इन्होंने तत्कालीन आईजी से जांच की मांग की थी।

### रोहिंग्या मुस्लिम और बांग्लादेशी होने का दावा

नवभारत से चर्चा में हिंदुत्व प्रहरी रूपेश ठाकुर ने बताया कि महाकाल की नगरी उज्जैन में फरारी काटना, वेश बदलकर रहना बहुत आसान बात है, क्योंकि यहां धार्मिक लोग रहते हैं। आध्यात्मिक नगरी है, बाबा महाकाल का मंदिर है, दर्शन पूजन के लिए लाखों लोग आते हैं, ऐसे में उनकी आड़ में रोहिंग्या मुस्लिम और बांग्लादेशी बड़ी संख्या में उज्जैन में निवास करते हैं। फैक्ट्री, बेकरियों में और अन्य जगहों पर नाम बदलकर काम कर रहे हैं। इससे शहर वासियों को, हिन्दुओं को खतरा है। पुलिस विभाग ऐसे रोहिंग्या मुसलमानों व और बांग्लादेशियों की जांच करके इन्हें तत्काल शहर से बाहर करें। तत्कालीन बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित चौबे ने कहा 6 साल पहले उक्त घटनाक्रम हुआ था। मामले में इमरान नामक युवक ने मेरे खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी, तब बजरंग दल ने इसके विरुद्ध केस दर्ज कराया था।

### 22 पाकिस्तानियों में से 10 सिंधी

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि शहर में कुल 22 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं, जो लॉन्ग टर्म वीजा पर हैं। इनमें मुस्लिम 12 लोग और सिंधी समाज के 10 लोग है। जिसमें 18 महिलाएं 2 पुरुष 2 बच्चे शामिल हैं। हालांकि, सरकार की ओर से फिलहाल लॉन्ग टर्म वीजा वालों को बाहर निकालने के निर्देश नहीं मिले हैं। उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने बताया की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदेश जारी किए है कि जो भी पाकिस्तानी यहां पर है, स्वास्थ्य वीजा पर आए, अस्थाई वीजा पर आए है, उनको यहां से वापस पाकिस्तान भेजा जाए। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने भी पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा से चर्चा की। सांसद ने यह भी बताया कि महाकाल बड़ा तीर्थ यहां पर प्रतिदिन लाखों लोग दर्शन करने आते हैं, तो उनकी सुरक्षा के विषय में भी एसपी से बात की है।

# भाटपचलाना सड़क हादसे में नाबालिगों युवकों की मौत

## खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई थी बाइक, एक की हालत गंभीर

**उज्जैन।** भाटपचलाना में शुक्रवार-शनिवार रात को बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। रास्ते में पंचर खड़ी ट्राली से बाइक पर सवार चार युवक टकरा गए। चारों गंभीर घायल में अलग-अलग अस्पताल भेजा गया। जहां तीन की मौत हो गई एक का उपचार चल रहा है। शनिवार को दो पोस्टमार्टम उज्जैन में और एक का बड़नगर में कराया गया।

भाटपचलाना के ग्राम राठौर खेड़ी में ट्रैक्टर की ट्राली पंचर होने के बाद चालक रास्ते में ही खड़ी कर चला गया था। रात में टेंट हाउस का काम ग्राम सरोला से बाइक पर सवार होकर रोहित पिता बीमा चंद्रवंशी 15 वर्ष निवासी ग्राम सुरेल, दक्ष पिता प्रकाश डोडिया 12 वर्ष निवासी चिरोला कला, राजपाल पिता रायसिंह चंद्रवंशी 12 साल निवासी सुरेल और कैलाश मेड़ा लौट रहे थे। बीच रास्ते में खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकरा गई। रफ्तार तेज होने पर हादसा भयावह हो गया। बाइक पर सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनाक्रम के बाद ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। चारों घायलों को अस्पताल के लिए रवाना किया गया। रोहित और दक्ष बुरी तरह लहूलुहान थे। उन्हें उपचार के लिए उज्जैन भेजा गया। वहीं कैलाश मेड़ा को बड़नगर ले जाया गया। राजपाल को नागदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दक्ष और रोहित को परिजन उज्जैन लाने के बाद निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन दोनों की मौत हो गई। रात 12 बजे के लगभग उनके शव चरक अस्पताल लाए गए। जहां डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाकर पुलिस को सूचना दी। आज सुबह दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया। तभी खबर आई कि बड़नगर में भर्ती कैलाश की भी उपचार के दौरान तड़के मौत हो गई है। जिसका पोस्टमार्टम बड़नगर में कराया जा रहा है। भाटपचलाना थाना पुलिस के अनुसार नागदा भेजे गए घायल राजपाल की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। ट्राली ग्राम राठौरखेड़ी के रहने वाले चौधरी परिवार की होना सामने आई है। वहीं जिस बाइक पर चारों नाबालिग और युवक सवार थे वह प्रकाश डोडिया के नाम पर रजिस्टर्ड है। मामले में जांच की जा रही है। मर्ग कायम कर ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया जाएगा।

### कायथा के पास दो बाइक भिड़ी एक की मौत

सड़क दुर्घटना में अभी काफी वृद्धि हुई जिसमें युवकों की मौत भी हो रही है। इसी क्रम में बीती रात में कायथा-विजयागंज मंडी के बीच हुई दो बाइक भिड़ंत में हरीश पिता बालकिशन चंद्रवंशी 26 वर्ष निवासी गदापुलिया की मौत हो गई। उसका दोस्त अभिषेक निवासी पंवासा घायल हुआ है। आज सुबह परिजनों ने बताया कि हरीश और अभिषेक शादी में शामिल होने के लिए शाजापुर गए हुए थे। जहां से रात को वापस लौटकर उज्जैन आ रहे थे। हरीश का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा है। अभिषेक का उपचार अस्पताल में चल रहा है। जिस बाइक से दुर्घटना हुई थी उस पर सवार युवक मामूली रूप से घायल हुआ था।

# मकान में चोरी करने पहुंचे बदमाशों ने छत से लगाई छलांग

## एक को पुलिस ने लिया हिरासत में, दूसरे की तलाश

**उज्जैन। प्रीति परिसर में दिनदहाड़े 2 बदमाशों ने मकान में चोरी का प्रयास किया। परिवार के आने पर बदमाशों ने छत से छलांग लगा दी। सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। एक बदमाश को हिरासत में लिया गया है।**

बताया जा रहा है कि डी मार्ट के पीछे प्रीति परिसर में 2 मंजिला मकान को सूना पाकर 2 बदमाशों ने धावा बोला था। बदमाश घर में सामान की तलाशी ले रहे थे, उसी बीच परिवार लौट आया। बदमाशों को परिवार के आने की आहट सुनाई दी तो वह छत की ओर भागे, जहां से उन्होंने बचकर भागने के लिये छलांग लगा दी। एक बदमाश गिरने पर घायल हो गया, दूसरा मौका पाकर भाग निकला। बदमाशों के मकान में घुसने की खबर मिलते ही नागझिरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। एक बदमाश को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है और भागे बदमाश की जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि नागझिरी थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में बदमाशों ने मंगल रेसीडेंसी, क्षिप्रा विहार और करोंदिया कालोनी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। संभावना है कि हिरासत में आये बदमाश से पूर्व में हुई चोरी का सुराग मिल सकता है। विदित हो कि गर्मी के दिनों में रात्रि में चोरी की वारदात अधिक होती है। लेकिन यहां पर बदमाशों ने दिनदहाड़े ही चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास जैसे इनमें पुलिस का खौफ ही नहीं हो।

# वार्ड 29 में विधायक व निगम अध्यक्ष ने बच्चों के साथ मनाया पोषण पखवाड़ा




**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 29 में महिला बाल विकास विभाग परियोजना शहर क्रमांक 1 उज्जैन सेक्टर नीलगंगा के अंतर्गत 22 अप्रैल को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा व निगम सभापति कलावती यादव व वार्ड पार्षद रामेश्वर दुबे उपस्थित रहे। क्षेत्रीय पर्यवेक्षक इरशाद कुरैशी, पर्यवेक्षक सरिता जैथलिया भी उपस्थित रहीं। उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। निगम सभापति द्वारा गर्भवती महिलाओं को 1 हजार दिन बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। उनके आहार टीकाकरण व स्वास्थ्य की देखभाल बहुत जरूरी होती है। वार्ड की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व क्षेत्र की महिलाओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगाई गई व घर से बने मोटे अनाज के व्यंजन वितरित किये गये। उनको जानकारी दी गई कि घर में ही मोटे अनाज का उपयोग किया गया। पर्यवेक्षक द्वारा जानकारी दी गई मालवा में ज्वार बाजरा और मक्का जैसे मोटे अनाज का ही उत्पादन होता है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद द्वारा 3 कुपोषित बच्चों की जिम्मेदारी ली गई। इसी के साथ पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का

# डीपी से ऑयल चोरी करते समय लगा था युवक को करंट

**खेत में मिली लाश की सुलझी गुत्थी, तीन साथी गिरफ्तार**

**मामला 15 अप्रैल का पुलिस ने बरामद किया था शव**



**उज्जैन।** 15 अप्रैल को तराना पुलिस ने खेत से एक युवक की लाश बरामद की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मामले की गुत्थी सुलझ गई है। पुलिस ने मृतक के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। जो मृतक के साथ मिलकर बाइक चोरी और डीपी से ऑयल चुराने की वारदात को अंजाम देते थे। डीपी से ऑयल चोरी करते समय मृतक को करंट लगा था। मौत होने पर साथी छोड़कर भाग निकले थे।

तराना थाना पुलिस ने बताया कि 15 अप्रैल को ग्राम चांदकांकरिया एवं गांवडी के बीच खेत मे एक युवक की लाश गांव के चौकीदार की सूचना पर बरामद की गई थी। जिसकी पहचान धर्मेन्द्र पिता रुगनाथ सिहं निवासी हरूखेडी थाना माकडोन के रूप में हुई थी। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। धर्मेंद्र की मौत करंट लगने से होना सामने आया था। जांच के दौरान पता चला कि मृतक अपने तीन साथी अर्जून पिता तेजूलाल निवासी हरुखेडी, माखन पिता शिवनारायण बागरी निवासी कडोदिया, दिनेश पिता ईश्वर सिंह गुर्जर निवासी भगतपुर के साथ देखा गया था। तीनों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया गया और पूछताछ की गई तो सामने आया कि मृतक धर्मेन्द्र के साथ मिलकर चोरी करते थे इन्होंने मक्सी में मच्छी बाजार के पास से एक एच.एफ डीलक्स मोटरसायकल क्रमांक एमपी-42-एमबी-3608 एवं तराना में शिवश्री टॉकिज के सामने से एक एच.एफ डीलक्स मोटरसाकल क्रमांक एमपी-13-ईक्यू-5926 चोरी की तथा इन्हीं मोटरसायकलों से रात में ट्रान्सफॉर्मरों से डीपी का ऑईल चोरी करते थे। दिनांक 13 अप्रैल की रात्रि मे करीबन 12 बजे धर्मेन्द्र के साथ चोरी की दोनो मोटरसाकलों से ग्राम बिछड़ोद में अमरपुरा के रास्ते पर डीपी से आईल चोरी करने के लिये पहुंचे। तीनों साथियों ने साथ मिलकर डीपी के इलेक्ट्रिक सप्लाय वायर डीओ काटे और उसके बाद धर्मेन्द्र को आईल चोरी करने के लिये डीपी पर चढ़ाया। धर्मेंद्र आईल चोरी करने के लिये डीपी के नट खोलकर आईल निकालने का प्रयास करने लगा तभी धर्मेन्द्र को करंट लग गया। डीपी फाल्ट हुई आवाज आई तभी उसके साथी माखन, अर्जून, दिनेश ने बांस के डंडे से धर्मेन्द्र को नीचे गिराया और उसे घटना स्थल से उठाकर मोटर साईकिल पर बैठा कर तराना तरफ ले जाने लगे। इसी दौरान धर्मेन्द्र की कालीसिंध नदी के पास मौत हो गई। तभी धर्मेंद्र के साथी माखन, अर्जुन व दिनेश ने अपने बचाव के लिये धर्मेंद्र का उपचार कराने के बजाय घटना को छुपाने के लिये उसे चांदकांकरिया एवं गांवडी के बीच खेत में पटक दिया और सभी अपने अपने घर चले गये। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह दलोदिया ने बताया कि तीनों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गई है।

**महाकाल में ... उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने पहलगाम की घटना के बाद की मांग**

# महाकाल में सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल तैनात हो, गृहमंत्री को पत्र

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद अब उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में सुरक्षा और अधिक पुख्ता किए जाने की मांग उठ रही है। शनिवार को उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने मंदिर में केंद्रीय बल तैनात किए जाने की मांग करते हुए गृह मंत्री को पत्र लिखा है। सांसद फिरोजिया ने कहा कि उज्जैन में महाकाल मंदिर अब देश व दुनियाभर के लाखों श्रद्धालुओं के बीच आस्था का केंद्र बन गया है। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर अब विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं आने वाले सालों में सिंहस्थ महापर्व भी होना है। जिसमें करोड़ों लोग उज्जैन में उमड़ेंगे।

### पंचक्रोशी यात्रियों की भीड़ के चलते मंगलनाथ मंदिर में भात पूजा रोकी

मंगलनाथ मंदिर में शनिवार को पंचक्रोशी यात्रियों की भारी भीड़ के कारण प्रशासन को भातपूजा रोकना पड़ी। केवल दर्शन व्यवस्था को ही जारी रखे गया। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने पंडे-पुजारियों से विचार-विमर्श कर हर वर्ष की व्यवस्था के अनुसार पंचक्रोशी यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भात पूजा को स्थगित कर दिया तथा श्रद्धालुओं को गर्भगृह से दर्शन कराए गए। सुबह से ही मंदिर में यात्रियों की भीड़ रही। पंचक्रोशी यात्रियों के जत्थे लगातार मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं गर्भगृह में जाकर भगवान मंगल देव को जल चढ़ाया और स्पर्श कर अपनी मनोकामनाएं मांगी। शाम 4 बजे तक दर्शन जारी रहे। इसके बाद आरती की गई। मंदिर के प्रशासक केके पाठक ने बताया कि रविवार को भी यात्रियों की भीड़ अधिक रही, तो भात पूजन स्थगित रखा जाएगा। श्रद्धालुओं को गर्भगृह से दर्शन कराए जाएंगे।

### जल वितरण हेतु 51 नग कैम्पर दान में दिए




महाकाल मंदिर में उज्जैन के भक्त मनीष मीणा ने समाजसेवी पप्पू बौरासी की प्रेरणा से श्रद्धालुओं को जल वितरण हेतु 51 नग पानी के 20 लीटर के कैम्पर दान किए। मीणा पूर्व में भी मंदिर में विकास कार्य हेतु 5 लाख रुपए नगद दान कर चुके हैं। मंदिर समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने दानदाता से सामग्री प्राप्त कर उनका सम्मान किया।


**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील उज्जैन नगर (मप्र)**

क्रमांक/री-1/2025/553 उज्जैन
दिनांक-25,04,2025-
प्र.क्र. 0804/अ-6/2024-25

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 0804/अ-6/24-25 के अंतर्गत आवेदक 1-कीर्तिवर्धन केलकर पिता गणेश पांडूरंग 2-हिमांशु केलकर पिता गणेश पांडूरंग निवासी सिविल हॉस्पिटल के पीछे केलकर परिसर उज्जैन द्वारा ग्राम पंवासा तहसील उज्जैन नगर स्थित भूमि सर्वे न. 176/1/6 रकबा 3.4530 हे. पर भूमिस्वामी विजय, अरविन्द पिता रूगनाथ, विकास विश्वास पिता वामन, कल्पना पति श्रीपद, शैलेजा पति माधव गजानंद पिता श्रीधर, कुसुम पति विनायक, श्री निवास पित महेश्वर एवं अरुण सूर्यकांत दिलीप पिता पांडूरंग कीर्तिवर्धन, हिमांशु पिता गणेश, आशा पति गणेश, श्रेय पिता कीर्तिवर्धन राधिका पति कीर्तिवर्धन प्रीशासुश्रुत, मेघना पिता हिमांश के नाम से भूमि अभिलेख में 1/2, 1/2 भाग पर दर्ज है। उक्त भूमि की विजय, विश्वास, कुसुम, अरुण द्वारा एक वसीयत हिमांशु व कीर्तिवर्धन के पक्ष में की है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने से उनके स्थान पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त नामांतरण कार्यवाही के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में इस सार्वजनिक उद्घोषणा के प्रकाशन के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत करें।

**आज दिनांक को अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जारी।**

**तहसील उज्जैन नगर तहसील उज्जैन नगर**